**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 01.12.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर", अमर उजाला," समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

अमर उजाला –दि0 01.12.2025

## कॉमर्शियल भवनों को वीडीए देगा ईसीबीसी

**वाराणसी।** शहर के कॉमर्शियल भवनों को एनर्जी कंजरवेशन बिल्डिंग कोड (ईसीबीसी) वीडीए देगा। इसके पीछे की मंशा ऊर्जा को संरक्षित करना है। वीडीए उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा ने बताया कि ईसीबीसी भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय के अधीन ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी की ओर से लॉन्च किया गया है। यह कोड उन भवनों पर मिलेगा जिनकी बिजली क्षमता 100 किलोवाट या 120 केवीए से ज्यादा है। व्यवस्था प्रभावी बनाई जाएगी। मानचित्र पास करने से पहले वीडीए ईसीबीसी का कॉलम चेक करेगा। संवाद

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


अमर उजाला –दि0 01.12.2025

## वीडीए की अवस्थापना निधि से छह पुलिस बूथों की मरम्मत, बनारस की थीम पर चित्रकारी भी होगी

**वाराणसी।** वीडीए की अवस्थापना निधि से शहर के छह पुलिस बूथों की मरम्मत कराई जाएगी। वीडीए उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा के अनुसार मरम्मत के साथ पेंटिंग का कार्य शामिल है। पिछले दिनों भोजुबीर तिराहा, एयरपोर्ट, करियप्पा मार्ग के पुलिस बूथों का कार्य शुरू कराया गया था। इसके अलावा पुलिस लाइन चौराहा, मिंट हाउस तिराहा, रविदास गेट के पास पुलिस बूथों का कार्य पूरा होगा। इन पुलिस बूथों की रंगाई एवं चित्रकारी बनारस की थीम पर की जा रही है। बूथ न केवल सुदृढ़ और उपयोगी बनेंगे, बल्कि शहर की सांस्कृतिक विरासत की पहचान को भी प्रदर्शित करेंगे। ब्यूरो